पालकी साई तेरी पालकी

पालकी साई तेरी पालकी,
वो है भाग्यवान जो उठाते तेरी पालकी,
श्रद्धा के फूलों से सजाते तेरी पालकी,
वो है भाग्यवान जो उठाते तेरी पालकी,

साई मेरा दिल करें मस्ती में झूम लू,
उन कारिंदो के हाथों को चूम लू ,
जिन प्यारे हाथों से बनाते तेरी पालकी,
वो है भाग्यवान जो उठाते तेरी पालकी,

*शिरडी के साई तेरी जिसमें सवारी है,
वो तो तीनों लोकों से लगती न्यारी है ,
तभी हम आखों में बसाते तेरी पालकी,
वो है भाग्यवान जो उठाते तेरी पालकी,

*सुधा तेरी रहमतो की बाबा पिलाने को,
भक्तो की सोई तकदीरे जगाने को ,
निर्दोष भाव से घुमाते तेरी पालकी ,
वो है भाग्यवान जो उठाते तेरी पालकी

गायक - अजय सोनी
लेखक - बलबीर निर्दोष

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8734/title/palki-sai-teri-paki-vo-hai-bhagyvan-jo-uthate-teri-palki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |